


- प्लेटफार्म की अव्यवस्था को रेलवे नहीं कर रहा दूर, हर दिन यात्रियों हो रही दिक्कत
- दो साल के बाद भी प्लेटफार्म पर नहीं लगा डिस्पले बोर्ड, आधे हिस्से में ही पंखे की सुविधा

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# प्लेटफार्म नंबर 7, समस्याएं 17...दो दर्जन नल में सिर्फ 6 से ही निकल रहा पानी, प्यास बुझानी है तो चलना होगा 500 मीटर पैदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

राजधानी के प्लेटफार्म 7 से अगर ट्रेन पकड़नी है, तो घर से पानी लेकर चलें, क्योंकि यहां नल तो मिलेंगे, लेकिन पानी नहीं। इसके अलावा अगर प्लेटफार्म पर बैठकर ट्रेन का इंतजार करना है, तो एक अतिरिक्त रूमाल भी लेकर आएं, क्योंकि प्लेटफार्म के चारों तरफ धूल की परत बिछी हुई, जो आपके साफ कपड़ों को भी खराब कर सकती है। रेलवे प्लेटफार्म की सफाई इस तरह करवा रहा है कि धूल भी नहीं जा रही है। बंद नलों में जाले बिछ गए हैं। पानी नहीं आने से नल अब गुटखा थूकने की जगह बना चुकी है। बता दें कि रेलवे ने ▶▶शेष पेज 20 पर



### केवल वीआईपी मूवमेंट में ही सफाई

गुढ़ियारी की ओर इनदिनों निर्माण कार्य जारी है, जिसकी धूल प्लेटफार्म 7 में आती है। केवल वीआईपी मूवमेंट के दौरान ही पूरे प्लेटफार्म की सफाई होती है। वर्तमान में प्लेटफार्म के चारों तरफ धूल की परत बिछी हुई है, जिसके देखकर लग रहा है कि अन्य प्लेटफार्म की तरह यहां नियमित सफाई नहीं होती है। इस वजह से धूल अधिक है।

### दूसरे प्लेटफार्म से भर रहे बोतल में पानी

प्लेटफार्म 7 में रेलवे ने यात्रियों के लिए 24 नलों की सुविधा दी है, लेकिन इसमें केवल 6 में ही पानी है। इन 6 नलों से पानी पीने के लिए यात्रियों को 500 मीटर से अधिक चलना पड़ता है। शुरूआत के 12 नल बंद होने से यात्री आगे की ओर बढ़ते नहीं है। इसलिए ज्यादातर यात्री सीधे प्लेटफार्म 6 से पानी भरते हैं। कुछ नल टूट गए है। जाले और गंदगी से नल भरा हुआ है। बता दें कि प्लेटफार्म 7 से रोजाना 800 से हजार तक अधिक यात्री सफर करते हैं। ज्यादातर लोकल ट्रेन ही यहां खड़ी होती है। पानी के चलने रोजाना दिक्कत हो रही।



### शौचालय में भी पानी नहीं

प्लेटफार्म में शौचालय की सुविधा तो हैं, लेकिन यहां हाथ धोने के लिए यात्रियों को पानी की सुविधा नहीं मिल रही। इस वजह से सफाई भी नहीं हो रही है। यात्रियों को रोज असुविधाओं के बीच सफर करना पड़ा रहा है। रेलवे प्रशासन अभी तक प्लेटफार्म में डिस्पले बोर्ड नहीं लगाया है। आधे हिस्से ही अभी पंखे की सुविधा है। आधी अधूरी सुविधा के साथ रेलवे ने प्लेटफार्म को शुरू किया था, लेकिन दो साल के बाद भी स्थिति वही है।

## खबर संक्षेप

### किशोरी से रेप, आरोपी को आजीवन कारावास

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पांच वर्ष पूर्व किशोरी से रेप के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अच्छे लाल काछी की फास्ट ट्रैक पाक्सो कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक मोरिशा नायडू छत्तरी के मुताबिक, कोर्ट ने जोरा निवासी विक्की यादव को कैद की सजा सुनाई है। विक्की ने नानी घर घूमने आई किशोरी से उनका मोबाइल नंबर हासिल कर उसे कॉल कर शादी करने का झांसा देकर अपने प्रेमजाल में फंसाया और 4 अप्रैल 2019 को अपने घर ले जाकर रेप कर दिया। मामले की विवेचना दिव्या शर्मा ने की थी।

### चाकू से हमला करने के आरोप में दो गिरफ्तार




**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने तीन माह पूर्व चाकूबाजी की घटना के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना तीन माह पुरानी है। शक्ति नगर निवासी चुलेश कुमार साहू की शिकायत पर पुलिस ने पीयूष दीप उर्फ रोहित तथा कुशल जाल को गिरफ्तार किया है। चुलेश ने पुलिस को बताया कि 21 सितंबर को शाम 4 बजे वह अपने घर जा रहा था। इस दौरान नशे की हालत में पीयूष उसके साथ झगड़ा करने लगा। इस दौरान पीयूष ने चाकू निकालकर चुलेश पर हमला किया। चाकू के वार से बचने की कोशिश की तो रोहित ने चुलेश का हाथ पकड़ लिया। इसके बाद पीयूष ने चुलेश की पीठ पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया।

### तेज रफ्तार बाइक से गिरकर युवक की मौत

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में एक युवक तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए गिर गया। इससे उसके सिर तथा शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोटें आने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, छटेरा निवासी चंदूलाल धृतलहरे की बाइक से गिर कर मौत हुई है। पुलिस के अनुसार, घटना पारागांव मेनरोड के पास की है। रफ्तार ज्यादा होने की वजह से चंदूलाल बाइक नियंत्रित नहीं कर पाया और उसकी बाइक से गिरने की वजह से मौत हो गई।

### धान की रखवाली करने गए किसान के घर चोरी

**रायपुर।** आरंग थाने में एक किसान ने अज्ञात चोर के खिलाफ 21 हजार रुपए नकदी सहित दो लाख रुपए से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। किसान मन्नूलाल मांडले ने पुलिस को बताया कि धान की मिंजाई करने के बाद वह मंगलवार को खाना खाकर धान की रखवाली करने घर से लगे ब्यारा चला गया। किसान की पत्नी तथा बच्चे दूसरे कमरे में सोने के लिए चले गए। इस दौरान अज्ञात चोर कमरे में लगे दरवाजे का ताला तोड़कर नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए।

## आंबेडकर अस्पताल ने जारी किया विज्ञापन, विभिन्न पदों के लिए मांगा आवेदन

# सुलझेगा 'दिल' का मामला, ढूंढा जाएगा बेहोश करने वाला डॉक्टर, चिकित्सकों के 106 पदों पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल आंबेडकर में अब मरीजों के दिल की सेहत आसानी से दुरस्त हो सकेगी। आंबेडकर अस्पताल में लंबे वक्त से बाइपास सर्जरी नहीं हो पा रही थी। निश्चेतना विशेषज्ञों की कमी के कारण बड़ी संख्या में मरीजों को लौटाया जा रहा था, लेकिन अब आंबेडकर अस्पताल ने रिक्त पदों के लिए विज्ञापन जारी करते हुए विशेषज्ञों से आवेदन मांगे है। ना सिर्फ हृदय रोग विभाग बल्कि सहायक प्राध्यापक, सीनियर रेसीडेंट सहित रजिस्ट्रार के पदों में भी भर्तियां की जाएंगी। आंबेडकर अस्पताल ने कोरोना काल के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में भर्तियां निकाली हैं। खास बात यह है कि नियुक्ति संबंधित प्रक्रिया भी दिसंबर से ही शुरू हो जाएंगी। तय शेड्यूल के आधार पर उम्मीद की जा रही है कि जनवरी से नव-नियुक्त विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रारंभ कर देंगे। इनमें से कुछ भर्तियां चिकित्सा महाविद्यालय के अधीन रहेंगी तथा कुछ नियुक्तियां आंबेडकर अस्पताल के अंतर्गत होंगी।

गौरतलब है कि आंबेडकर अस्पताल लंबे समय से विशेषज्ञों की कमी से जूझ रहा है। निश्चेतना विशेषज्ञ ▶▶शेष पेज 20 पर

हरिभूमि लगातार

## फिजिशियन असिस्टेंट नहीं होने के कारण लौटाया जा रहा था मरीजों को


मिल गई करोड़ों की मशीन पर खोज नहीं सके सवा लाख वेतन वाले एनेस्थेटिस्ट, मरीज परेशान

बेहोश करने वाले डॉक्टर मिले नहीं और अब आई सर्जन का भी इस्तीफा

### साक्षात्कार 20 से

खास बात यह है कि रिक्त पदों पर भर्तियां वॉक-इन-इंटरव्यू के जरिए प्रत्यक्ष रूप से हो रही है। इससे उम्मीदवारों को नियुक्तियां भी जल्द मिल जाएंगी और मरीजों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार, साक्षात्कार 20 दिसंबर को आयोजित किया गया है। इंटरव्यू बोर्ड रूम अधिष्ठाता कक्ष में आयोजित किया गया है। रिक्त पदों का विवरण महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया जाएगा।

### डेढ़ करोड़ की मशीन अब होगी इस्तेमाल

आंबेडकर अस्पताल में फेफड़े और खून के नसों की सर्जरी की जा रही है लेकिन हार्ट की बाइपास सर्जरी लंबे समय से ठप है। आंबेडकर अस्पताल में इसकी प्रक्रिया शुरू करने के लिए डेढ़ करोड़ रुपए की हार्टलंग्स मशीन दी जा चुकी है, लेकिन भर्ती नियम नहीं बनाए जाने के कारण इन्हें चलाने के लिए परफ्यूजनिस्ट और कार्डियक सर्जरी फिजिशियन असिस्टेंट की भर्ती नहीं हो पाई थी। इनके लिए तीन-तीन पद पहले ही स्वीकृत हो चुके थे। अब संविदा सेवा भर्ती नियम के तहत नियुक्ति का निर्णय लिया गया है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से अन्य राज्यों से तुलना कर भर्ती नियम की जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग को दे दी गई थी।

**जानिए... किसके, कितने पद**

### मेडिकल कॉलेज के अधीन पद

- सहायक प्राध्यापक - 56 पद
- सीनियर रेसीडेंट नियमित - 10 पद
- सीनियर रेसीडेंट संविदा - 96 पद
- रजिस्ट्रार मेडिकल फिजिक्स - 4 पद
- सीटीवीएस विभाग के लिए सहायक प्राध्यापक - 12 पद
- सीनियर रेसीडेंट के नवीन सृजित - 10 पद
- परफ्यूसिनिस्ट - 3 पद
- फिजिशियन असिस्टेंट कार्डियक सर्जरी - 3 पद

### आंबेडकर अस्पताल के अधीन पद

- ब्लड ट्रांसफ्यूजन ऑफिसर - 1 पद
- जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर - 11 पद
- सहायक प्राध्यापक रेडियोथेरेपी - 2 पद
- केजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर - 1 पद
- मेडिकल ऑफिसर - 1 पद
- रेसीडेंट - 1 पद
- फिजियोथेरेपिस्ट - 1 पद

**जूडो लेंगे राहत की सांस :** चिकित्सकों के अभाव में 18 से 36 घंटे बगैर आराम किए जूडो को कार्य करना पड़ता है। इसे लेकर कई बार उनके द्वारा आंदोलन भी किया जा चुका है। सीनियर रेसीडेंट की भर्ती के बाद उन्हें इसमें थोड़ी राहत की उम्मीद है। आंबेडकर अस्पताल की ओपीडी में रोजाना हजारों मरीज आते हैं। नई भर्तियों से उन्हें भी अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## रायपुर से झारसुगुड़ा लखनऊ और हैदराबाद के लिए नई उड़ानें

- स्टार एयर शुरू करेगा सेवाएं, अगले वर्ष फरवरी से मिलेगी सुविधा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी की एयर कनेक्टिविटी अब झारसुगुड़ा, लखनऊ और हैदराबाद से जुड़ेगी। यात्रियों को ये सुविधा अगले वर्ष फरवरी से मिलेगी। स्टार एयर ये उड़ानें शुरू करने वाला है। यह एयरलाइन संजय घोडावत ग्रुप का हिस्सा है। कंपनी का कहना है कि भारत में एविएशन इंडस्ट्री को बढ़ावा देने और हर नागरिक के लिए हवाई यात्रा को सुलभ बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने रीजनल कनेक्टिविटी योजना शुरू की है। इसी योजना को समर्थन देते हुए स्टार एयर ने रायपुर को एक नए डेस्टिनेशन के रूप में जोड़ा है। एक फरवरी से शुरू होने वाली इस सेवा में रायपुर को झारसुगुड़ा, लखनऊ और हैदराबाद से जोड़ा जाएगा। रायपुर में अपनी सेवा प्रदान करने के साथ अब कुल 24 शहरों तक कंपनी ने अपनी पहुंच बना ली है।

### टिकट बुकिंग शुरू

कंपनी ने अपनी वेबसाइट में टिकट बुकिंग शुरू कर दी है। स्टार एयर के सीईओ, कैप्टन सिमरन सिंह तिवाना ने कहा,इन उड़ानों का उद्देश्य यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करना है, साथ ही इन स्थानों में व्यापार, पर्यटन और आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देना है। यात्री इन नई उड़ानों के टिकट स्टार एयर की आधिकारिक वेबसाइट www.starair.in पर बुक कर सकते हैं। नए उड़ानों के जरिए सांस्कृतिक समृद्धि बढ़ने की उम्मीद कंपनी ने जताई है। गौरतलब है कि वर्तमान में रायपुर से अधिकतर फ्लाइट एयर इंडिया, विस्तारा और इंडिगो की ही रहती है।

## शराब घोटाला, महादेव सट्टा एप को लेकर कोर्ट में सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महादेव सट्टा एप तथा शराब घोटाला मामले में शुक्रवार को ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। शराब घोटाला के आरोप में जेल में बंद पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा तथा अनवर ढेबर का कोर्ट ने जमानत आवेदन खारिज कर दिया। जमानत आवेदन खारिज होने के बाद दोनों आरोपी हाईकोर्ट में जमानत आवेदन लगाने की तैयारी कर रहे हैं। महादेव सट्टा एप मामले में जेल में बंद 10 आरोपियों को स्पेशल कोर्ट में पेश किया ▶▶शेष पेज 20 पर

- टूटेजा, ढेबर की जमानत याचिका खारिज

### केडिया न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

महादेव सट्टा एप से प्राप्त ब्लैक मनी को व्हाइट करने के आरोप में पिछले दिनों गिरफ्तार शेयर ब्रोकर गोविंद केडिया की रिमांड खत्म होने के बाद ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। इस दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक ने कोर्ट को बताया कि इस समय प्रकरण की जांच चल रही है, इसलिए अब दोबारा रिमांड पर लेने की जरूरत नहीं है।

## शीतलहर की चेतावनी, राजधानी में पारा 12 डिग्री
## बलरामपुर में ठंड से युवक की मौत, मैनपाट में सफेद चादर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दिसंबर माह के दूसरे पखवाड़े में ही ठंड ने अपनी भयावहता दिखा दी है। बलरामपुर में ठंड से युवक की मौत हो गई है। मैनपाट में बर्फ जम गया है। इसके अलावा राजधानी रायपुर में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री तक पहुंच गया है। पूरे प्रदेश में कड़ाके की ठंड का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। 13 और 14 दिसंबर को प्रदेश में शीतलहर चलने की आशंका मौसम विभाग द्वारा जताई गई है। शीतलहर का मुख्य क्षेत्र उत्तरी छत्तीसगढ़ रहेगा। मैदानी और दक्षिण क्षेत्र में भी आने वाले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में थोड़ी कमी आ सकती है। विक्षोभ के प्रभाव से बनने वाले बादलों के बाद ही तापमान में हल्की वृद्धि होगी और लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी।

**विक्षोभ के प्रभाव से बादल छाने के बाद कम होगी सर्दी, फिलहाल एक-दो दिन कड़ाके की ठंड**



### मैनपाट में हाड़ कंपाने वाली ठंड

छग के विभिन्न हिस्सों में तापमान घटने के साथ ही मैनपाट में हाड़ कंपाने वाली ठंड का सिलसिला शुरू हो गया है। यहां पर विभिन्न स्थानों में तापमान 2 से 3 डिग्री दर्ज किया गया। इसके प्रभाव से ओस की बूंदें सुबह जमने लगी हैं। दोपहर के वक्त ही लोगों को थोड़ी राहत मिल रही है। शेष समय लोग ठंड का सामना कर रहे हैं। बलरामपुर सहित अन्य हिस्सों में भी लोग ठंड का सामना कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बलरामपुर में ठंड से मृत युवक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जहां वो शराब पीकर सड़क किनारे सो गया था, जिससे उसकी जान चली गई।

## जिंदा को मृत बताकर रोका पैसा, बैंक और विभाग ने एक दूसरे पर डाली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित होने वाली कई महिलाओं के खातों में एक हजार रुपए आना बंद हो गया है। इसकी वजह महिला एवं बाल विकास विभाग और बैंक हैं जो गलती सुधारने की बजाय एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। विभागीय गलतियों के कारण कई जिंदा हितग्राही को मृत बता दिया है, जिसके कारण उनके खाते में राशि ट्रांसफर नहीं होकर पोर्टल संबंधित एकाउंट में वापस चली जा रही है। विभाग का कहना है कि यह बैंक की त्रुटि है, डीबीटी सही तरीके से किया नहीं जा रहा है, जिससे राशि वापस हो जाती है, वहीं बैंक अधिकारी का कहना है कि इसके लिए विभाग जिम्मेदार है। बैंक का काम तो बस राशि ट्रांसफर करना है, किसी का नाम काटना व जोड़ने का काम विभाग करता है। ▶▶शेष पेज 20 पर

- साफ्टवेयर में गड़बड़ी बताई जा रही, गलती सुधरवाने में छूट रहा पसीना

### बैंक की त्रुटि नहीं है

लिस्ट में हितग्राही को मृत बताया गया है, इसलिए राशि उसके खाते में ट्रांसफर नहीं होकर वापस हो गई है। यह गलती बैंक की नहीं है, संबंधित विभाग की है, क्योंकि हितग्राही को मृत घोषित करना, हटाना, पात्र-अपात्र करना विभाग का काम है। बैंक का काम सिर्फ राशि ट्रांसफर करना है।

- अपेक्षा व्यास
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर

### जिंदा को मृत घोषित करना तकनीकी त्रुटि

विभाग को जब तक सूचना नहीं मिलेगी, किसी हितग्राही को मृत घोषित किया नहीं जा सकता। इससे संबंधित काम मुख्यालय से होता है। विभाग ने राशि जारी कर दी है, लेकिन तकनीकी या अन्य किसी गलती से हितग्राही की मृत्यु होना ऑनलाइन में शो कर रहा है। यह गलती बैंक की हो सकती है।

- शैल ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर

## गुरुवार को समाप्त हुआ नैक टीम का दौरा, इस माह मिलेगी नई ग्रेडिंग

# छग कॉलेज में टूटी-फूटी भाषा में संवाद, नैक टीम नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में नैक टीम की इंग्लिश प्राध्यापक नहीं समझ सके। पूरे वक्त वे टूटी-फूटी भाषा में ही संवाद करते रहे। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, इसे लेकर नैक टीम में नाराजगी देखी गई। नैक टीम के अध्यक्ष डॉ.चिंता सुधाकर थे। समन्वयक डॉ.नावेद जमाल एवं सदस्य डॉ.रहमन शरीफ अख्तर बेगम रहे। टीम में एक जामिया मिलया विवि के प्राध्यापक थे, जिन्हें हिंदी आती थी। जबकि दो प्राध्यापक दक्षिण भारत के विश्वविद्यालयों से थे। इनके संग वार्तालाप में प्रबंधन को दिक्कतें आईं। नैक टीम ने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने के लिए प्राध्यापकों को अच्छी इंग्लिश आने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्राध्यापकों में से कुछ ही टूटी-फूटी भाषा में नैक ▶▶शेष पेज 20 पर

अलग खबर

## देर रात हुई एग्जिट मीटिंग, पहले नवंबर में होना था महाविद्यालय का निरीक्षण

### भारी पड़ा पुराने प्राचार्य को हटाना

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नैक दौरे के 20 दिन पूर्व ही प्राचार्य बदला गया। नैक टीम के समक्ष दी जानी वाली प्रस्तुतियों सहित अन्य सभी तरह की तैयारियां पूर्व प्राचार्य के नेतृत्व में की गई थीं। महाविद्यालयों द्वारा प्रेषित किए गए सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट के अलावा नैक दौरे के दौरान दी गई प्रस्तुति भी अहम होती हैं। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, कई चीजों के विषय में नैक टीम को उचित रूप से जानकारी प्रदान नहीं की जा सकी।




### छात्रों संग संवाद, जानी समस्याएं

कॉलेज की लाइब्रेरी को हाईटेक करते हुए इसे ई-लाइब्रेरी में कन्वर्ट किया गया है। इसके माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय स्तर की जर्नल भी छात्रों को मुहैया कराए जा रहे हैं, लेकिन नैक टीम ने पुस्तकाल में मौजूद किताबों पुराने होने को लेकर भी टिप्पणी की। टीम का मत था कि ऑफलाइन भी छात्रों को पढ़ने के लिए नई किताबें मुहैय्या कराई जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के पूर्व और वर्तमान छात्रों संग भी टीम ने संवाद कर विभिन्न विषयों में चर्चा की और उनकी समस्याएं जानी।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


मा. ओमप्रकाश साहू
नेता प्रतिपक्ष - नगर निगम बीरगांव
मा. ओमप्रकाश साहू
मंडल अध्यक्ष भनपुरी मंडल
मा. बसंत बाग
जिलाध्यक्ष,अनुसूचित जनजाति, रायपुर
सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल
जनादेश परब
मा. जे.पी. नड्डा जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी
मा. मोतीलाल साहू जी
विधायक, रायपुर ग्रामीण
छत्तीसगढ़ के पावन धरा पर संगठन शिल्पी परम श्रद्धेय आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष
जगत प्रकाश नड्डा जी
का हार्दिक स्वागत... वंदन... अभिनंदन...
जयंत सिंह
पूर्व युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रायपुर शहर
बंटी दीवान
पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भनपुरी
ईश्वर ठाकुर
भाजपा नेता
विकास मिश्रा
भाजपा कार्यकर्ता
विनीत : भारतीय जनता पार्टी भनपुरी मण्डल

मुख्यमंत्री
**डॉ. मोहन यादव द्वारा**
## ₹758 करोड़ के विकास कार्यों का
भूमिपूजन एवं लोकार्पण
पूर्वाह्न 11 बजे | कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल

## रातापानी टाइगर रिजर्व का
लोकार्पण
प्रात: 10 बजे | गोल जोड़, भोपाल
**13 दिसम्बर, 2024**






11 दिसम्बर - 26 दिसम्बर 2024
# जनकल्याण पर्व

## जनसेवा और मध्यप्रदेश के विकास के लिए
# निष्ठा और समर्पण का एक साल
## त्वरित निर्णय बने मिसाल

❛ मैं प्रदेश के आठ करोड़ नागरिकों का आभारी हूं, जिनके सहयोग से हमारा प्रदेश आज अपने सांस्कृतिक वैभव को संरक्षित करते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "विकसित भारत" के संकल्प के तहत, प्रदेश 'GYAN' गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के चार मुख्य स्तंभों पर आधारित विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध प्रयासों से निरंतर आगे बढ़ रहा है।❜

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



❛ गरीब, युवा, महिला और किसान, 'विकसित भारत' के लिए हम इन चारों स्तंभों को ज्यादा से ज्यादा मजबूती देने में जुटे हैं। देश में सिर्फ चार जातियां गरीब, युवा, महिलाएं और किसान हैं। मैं इन चारों जातियों के सशक्तिकरण के लिए काम कर रहा हूं।
मेरा मानना है कि मूल आस्था और धर्म को छोड़कर इन चार मूल जातियों के उत्थान से ही देश प्रगति करेगा।❜

- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## समृद्ध हो रही संस्कृति

- मकर संक्रांति से गीता जयंती तक पूरे वर्ष के त्योहारों को प्रदेश सरकार ने समाज के साथ मिलकर मनाया।
- विक्रम सांस्कृतिक पर्व का 1 मार्च से 9 अप्रैल, 2024 तक आयोजन। कालजयी महानायकों पर केन्द्रित भारत के पहले संग्रहालय "वीर भारत न्यास" का शिलान्यास।
- विक्रमोत्सव पर विश्व की पहली "विक्रमादित्य वैदिक घड़ी" का शुभारंभ कर प्रदेश ने भारतीय काल गणना परंपरा का साक्षात्कार पूरी दुनिया से कराया।
- रक्षाबंधन पर बहनों के सम्मान में पूरे श्रावण माह प्रदेशव्यापी कार्यक्रमों ने बढ़ाई भाई-बहन के स्नेह की प्रतिष्ठा।
- गुरुजनों के सम्मान में विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। अब हर वर्ष होगा गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन।
- 1450 किमी लंबे श्रीराम वन गमन पथ निर्माण का निर्णय।
- श्रीकृष्ण लीलाओं से जुड़े सभी तीर्थ स्थलों (सांदीपनि आश्रम, नारायणा गांव उज्जैन, जानापाव इंदौर एवं अमझेरा धार) को जोड़ कर श्रीकृष्ण पाथेय का होगा निर्माण। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के गठन को स्वीकृति।
- भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश करते हुए पाठ्यक्रमों में रामायण और गीता वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल।
- अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर मध्यप्रदेश में बना गीता पाठ का वर्ल्ड रिकॉर्ड।
- प्रत्येक नगरीय निकाय में गीता भवन निर्माण का निर्णय।
- प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपति अब कुलगुरु कहलाएंगे।
- मां क्षिप्रा शुद्धिकरण एवं प्रवाहमान बनाए रखने का संकल्प पूरा करने के लिए ₹ 599 करोड़ की लागत की कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना का भूमिपूजन।

## सुशासन की सरकार

- नामांतरण, बंटवारा जैसे राजस्व प्रकरणों के ऑनलाइन निराकरण के लिये साइबर तहसील लागू। यह पहल करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य, साइबर तहसील 2.0 प्रारंभ।
- ई-पंजीयन एवं ई-स्टेम्पिंग के माध्यम से संपत्ति रजिस्ट्री हेतु संपदा 2.0 शुरू।
- राजस्व महाअभियान के दो चरणों में नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, नक्शा तरमीम और सीमांकन के 80 लाख से अधिक लंबित प्रकरणों का निपटारा, राजस्व महाअभियान 3.0 प्रारंभ।
- थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण का कार्य सम्पन्न।
- हर जिले में होगा पुलिस बैंड।
- जिला, संभाग, तहसील आदि की सीमाओं के पुनर्निर्धारण एवं युक्तिकरण के लिए एक पृथक प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग गठित।
- 1972 के नियम को बदलते हुए सभी मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष द्वारा अपने वेतन और भत्तों पर आयकर का भुगतान स्वयं करने का निर्णय।
- सुलभ आवागमन के लिए परिवहन जांच चौकियों के स्थान पर बने चैक पॉइंट।
- खुले में मांस, मछली की बिक्री पर लगाया गया प्रतिबंध।
- भोपाल में बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने का निर्णय।
- लाउड स्पीकर की अनियंत्रित एवं अनियमित आवाज का प्रयोग किया प्रतिबंधित।
- वारंट और समन की तामील के लिए ई-तकनीक का उपयोग प्रारंभ। मध्यप्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य।

## नई जागृति के साथ पर्यावरण संरक्षण



- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस पर आरंभ हुए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को सफल बनाने के लिए मध्यप्रदेश ने साढ़े 5 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प पूरा किया।
- जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अभूतपूर्व पहल पर जलगंगा संवर्धन अभियान का आयोजन। पर्यावरण दिवस (5 जून) से गंगा दशहरा (16 जून) तक चला अभियान। ₹ 1384 करोड़ की लागत से 56 हजार से अधिक जल स्त्रोतों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार।
- 18 लाख से अधिक नागरिकों ने की जनभागीदारी।

## अभूतपूर्व गति से औद्योगिक विकास

- वर्ष 2025 को औद्योगिक वर्ष के रूप में किया गया घोषित।
- अब तक सम्पन्न हुईं 6 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा और नर्मदापुरम से रु. 2.07 लाख करोड़ एवं मुंबई, बेंगलुरु, कोयम्बटूर, कोलकाता में किये गये रोड-शो कार्यक्रमों में ₹ 1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश, भोपाल में आयोजित खनन कॉन्क्लेव में ₹ 20 हजार करोड़ के निवेश और यू.के. और जर्मनी की यात्रा में ₹ 78 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन संयुक्त प्रयासों से कुल ₹ 4 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इनसे 3 लाख से अधिक रोज़गार सृजित होंगे।
- प्रदेश के हर जिले में निवेश प्रोत्साहन केन्द्र प्रारंभ किये गए।
- मुरैना में मेगा लेदर, फुटवेयर एंड एसेसरीज क्लस्टर डेवलपमेंट पार्क की स्थापना का निर्णय।
- नर्मदापुरम जिले के मुहासा-बाबई इंडस्ट्री एरिया में रिन्युबल एनर्जी और एनर्जी से संबंधित उपकरणों की इकाइयों का भूमिपूजन।




## आगे बढ़ते युवा

- युवाओं की शिक्षा एवं आधुनिक तकनीकों में योग्यता और कौशल निर्माण के साथ सर्वांगीण विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए युवा शक्ति मिशन प्रारंभ।
- सभी शासकीय विभागों में 1 लाख पदों पर की जा रहीं भर्तियां। आगामी 5 वर्ष में 2.50 लाख सरकारी नौकरियों पर भर्ती का लक्ष्य। पदों की भर्ती के लिए हर साल सरकारी परीक्षा कैलेंडर होगा जारी।
- भारत सरकार के पीएलएफ सर्वे में मध्यप्रदेश ने दर्ज की सबसे कम बेरोज़गारी दर।
- मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना अंतर्गत वर्ष 2024 में 20 हजार चयनित युवाओं को लगभग ₹ 41 करोड़ स्टाइपेंड वितरित।
- स्टार्ट-अप्स को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता के लिए ₹ 50 हजार से लेकर ₹ 1.50 लाख तक वित्तीय सहायता।
- अग्निवीर योजना में युवाओं का चयन हो, इसके लिए 360 घंटे प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य। मध्यप्रदेश में पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीर जवानों को मिलेगा आरक्षण।
- प्रतियोगी परीक्षाओं का शुल्क राज्य सरकार द्वारा दिये जाने का निर्णय।
- वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अंतर्गत सभी जिलों में बनेंगे खेल स्टेडियम।।
- भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन और रीवा के 6 विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन केंद्रों की स्थापना।
- वर्तमान में कुल 268 शासकीय आई.टी.आई. संचालित। इस वर्ष 22 नये आई.टी.आई. प्रारंभ करने से 5280 अतिरिक्त सीट्स की होगी वृद्धि।

## जनजातीय समाज को समान अधिकार

- छिंदवाड़ा में श्री बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय एवं जबलपुर में राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का लोकार्पण। जबलपुर एयरपोर्ट और मदन महल फ्लायओवर वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम से जाने जायेंगे।
- विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को सेना, अर्धसैनिक बलों और पुलिस सेवाओं में भर्ती के लिए प्रशिक्षण हेतु जनजातीय बटालियन गठित करने का निर्णय।
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय ₹ 3000 प्रति बोरा से बढ़ाकर किया ₹ 4000।
- पीएम जन-मन योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल जिलों में ₹ 7300 करोड़ से अधिक की लागत से हो रहे अधोसंरचना कार्य। 11 लाख से अधिक भाई-बहन लाभान्वित।
- पीएम जन-मन योजना अन्तर्गत देश में सर्वप्रथम जन-मन कॉलोनी शिवपुरी में बनाकर मध्यप्रदेश योजना में अग्रणी। देश की सबसे पहली जन-मन सड़क बालाघाट जिले में बनकर तैयार।
- युवाओं को यूपीएससी, पीएससी, सिविल जज, गेट, कैट आदि के लिए निःशुल्क कोचिंग का निर्णय।

## गरीब वर्ग को समान अवसर

- इंदौर के हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 श्रमिक परिवारों को ₹ 224 करोड़ की लंबित राशि का भुगतान।
- संबल 2.0 के अंतर्गत 1 करोड़ 73 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीयन। 40 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को ₹ 895 करोड़ से अधिक का अंतरण।
- स्वामित्व योजना में 24 लाख भू-अधिकार पत्र वितरित कर प्रदेश देश में प्रथम।
- पीएम स्वनिधि योजना के तहत 11 लाख से अधिक हितग्राहियों को ₹ 10 हजार से 50 हजार तक ऋण सहायता।
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 55 लाख हितग्राहियों को ₹ 3 हजार करोड़ से अधिक राशि का अंतरण।
- 5 करोड़ पात्र हितग्राहियों को 30.59 लाख मी.टन खाद्यान्न राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के तहत वितरित
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 36 लाख से अधिक परिवारों को एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 8 लाख से अधिक परिवारों को पक्का घर।

## खुशहाली की ओर अन्नदाता

- प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केंद्र की होगी स्थापना।
- मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 81 लाख से अधिक किसानों को ₹ 4 हजार करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत ₹ 4 हजार 900 करोड़ का प्रावधान।
- रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में किसानों को 1 हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम ₹ 3900 प्रति हेक्टेयर की अतिरिक्त सहायता।
- वर्ष 2024-25 बजट में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर अल्पकालीन फसल ऋण के लिए 600 करोड़ रुपये का प्रावधान। लगभग 32 लाख कृषक हो रहे हैं लाभान्वित।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-23' में 25 लाख से अधिक किसानों को ₹ 750 करोड़ से अधिक की राशि के दावों का हुआ भुगतान।
- किसानों को समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं पर प्रति क्विंटल 125 रुपये बोनस का भुगतान।
- सोयाबीन का ₹ 4,892 प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर उपार्जन करने का निर्णय।
- 5 वर्षों में दाल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मिशन दाल शुरू किए जाने का निर्णय। अरहर, मूंग, उड़द एवं मसूर जैसी सभी दालों के एमएसपी पर उपार्जन की व्यवस्था बनेगी मजबूत।

## आत्मविश्वास से भरपूर नारी शक्ति

- नारी सशक्तिकरण के प्रति सम्मान स्वरूप वीरांगना रानी दुर्गावती के 500वें जन्म जयंती वर्ष पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मंत्रिपरिषद की पहली बैठक का जबलपुर में आयोजन।
- मां अहिल्या बाई के 300वें जन्म जयंती वर्ष एवं विजयादशमी के अवसर पर पूरे प्रदेश में हुए दशहरा शस्त्र पूजन कार्यक्रम।
- दमोह में रानी दमयंती संग्रहालय बनाने का निर्णय।
- शासकीय सेवाओं में महिलाओं को मिलेगा अब 35 प्रतिशत आरक्षण।
- लाड़ली बहना योजना में 1.29 करोड़ बहनों को जनवरी 2024 से अब तक ₹ 19 हजार करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण।
- प्रदेश की लगभग 26 लाख लाड़ली बहनों को ₹ 450 में गैस सिलेंडर की रीफिलिंग के लिए वर्ष 2024 में ₹ 715 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण।
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में 89 लाख महिलाओं को मिली धुएं से मुक्ति।
- लाड़ली लक्ष्मी योजना में दिसम्बर 2023 से अब तक 5 लाख 12 हजार बालिकाओं को ₹ 170 करोड़ की छात्रवृत्ति अंतरित।
- स्व-सहायता समूह के अंतर्गत लखपति दीदी योजना से महिलाएं बन रहीं सशक्त और आत्मनिर्भर। 1 लाख से अधिक दीदियां बनीं लखपति।
- 5 लाख स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 62 लाख बहनें हुईं आत्मनिर्भर।
- महिला उद्यमियों के प्रोत्साहन के लिए 850 एमएसएमई इकाइयों को ₹ 275 करोड़ का अंतरण।
- सेनिटेशन एवं हाइजीन योजना में 19 लाख से अधिक बालिकाओं को ₹ 57 करोड़ 18 लाख की राशि अंतरित।
- जेंडर बजट में ₹ 19 हजार 21 करोड़ से अधिक की वृद्धि। महिला सशक्तिकरण के लिए शासन के विभागों को ₹ 1 लाख 21 हजार करोड़ का प्रावधान।

## सुलभ आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं

- उज्जैन को मिली मध्यप्रदेश की पहली मेडिसिटी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की सौगात। मेडिसिटी में सुपरस्पेशिलिटी एवं मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल, चिकित्सा एवं अनुसंधान केंद्र जैसी अनेक सुविधाएं होंगी उपलब्ध।
- पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा के जरिए दूरस्थ क्षेत्रों से गंभीर रूप से बीमार/दुर्घटनाग्रस्त लोगों को एयरलिफ्ट कर इलाज उपलब्ध कराने के लिए सरकार की संवेदनशील पहल।
- आयुष्मान भारत योजना में अब तक 4 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित कर मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग भी आयुष्मान भारत योजना में शामिल, ₹ 1381 करोड़ का प्रावधान।
- वर्तमान में प्रदेश में 17 शासकीय एवं 13 निजी चिकित्सा महाविद्यालय संचालित। 8 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय निर्माणाधीन एवं पीपीपी मोड पर 12 चिकित्सा महाविद्यालय शीघ्र प्रारंभ होंगे।
- चिकित्सा शिक्षा विभाग और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का विलय सुशासन और कार्यदक्षता का उदाहरण बना।
- स्वास्थ्य संस्थानों में 46 हजार 491 नये पदों (नियमित/ संविदा/आउटसोर्स) के सृजन की स्वीकृति।
- जिला अस्पताल एवं सिविल अस्पतालों को एक-एक शव वाहन उपलब्ध कराने का निर्णय।

## सशक्त भविष्य के लिए शिक्षा

- गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए 55 पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस प्रारंभ।
- 369 सर्वसुविधायुक्त सीएम राइज़ विद्यालयों का संचालन, वर्ष 2025 में लगभग 150 नये सीएम राइज़ विद्यालय होंगे संचालित।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना मध्यप्रदेश। नई नीति के तहत वर्ष 2025 से लगभग 3,200 प्राथमिक शालाओं में छोटे बच्चों के लिए प्री-प्राइमरी प्रारंभ होगी।
- ₹ 170 करोड़ से खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय का उद्घाटन।
- सागर में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय एवं गुना में तात्या टोपे विश्वविद्यालय प्रारंभ।
- शिक्षा को वैश्विक संस्थानों से जोड़ने के लिए 12 अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ एम.ओ.यू.।
- महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बस की सुविधा।

## कायाकल्प की ओर शहरी विकास

- यात्रियों की सुविधा के लिए पूरे प्रदेश में बसों के लिये परिवहन कंपनी बनाकर संचालन किया जाएगा।
- प्रदेश में मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र (महानगर) का गठन किया जायेगा। इंदौर-उज्जैन-देवास-धार को मिलाकर एक तथा भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा-राजगढ़ को मिलाकर दूसरा मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र बनाया जाएगा।
- भारत सरकार के विजन के अनुरूप राज्य के सभी संभाग मुख्यालयों जैसे ग्वालियर, सागर, रीवा, जबलपुर, नर्मदापुरम, शहडोल आदि को भी क्षेत्रीय आर्थिक विकास के केंद्र के रूप में विकसित करने की अवधारणा के साथ कार्य योजना बनाई जाएगी।
- संतुलित नगरीय विकास को गति देने तथा आर्थिक विकास के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए पुनर्घनत्वीकरण तथा पुनर्विकास नीति के अतिरिक्त एकीकृत टाउनशिप नीति तैयार की जाएगी। जिसमें निजी भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रथम चरण में लाभ से वंचित सभी शहरी गरीब तथा मध्यम आय वर्ग के हितग्राहियों को आवास प्रदान किए जाएंगे।
- खाली मिलों जैसे हुकुमचंद/विनोद मिल एवं अन्य शहरों में खाली पड़ी शासकीय भूमियों पर शहरी प्रोजेक्ट लॉन्च किए जायेंगे।
- निर्माणाधीन महाकाल महालोक उज्जैन, संत रविदास लोक सागर, माँ नर्मदा महालोक अमरकंटक, देवी अहिल्या लोक खरगोन, नागलवाड़ी लोक बड़वानी, देवी लोक सलकनपुर, श्री रामराजा लोक ओरछा, जाम साँवली श्री हनुमान लोक-पांढुर्णा, श्री पशुपतिनाथ लोक मंदसौर, श्री परशुराम लोक जानापाव, महाराणा प्रताप लोक भोपाल, भादवामाता लोक नीमच, माँ पीताम्बरा लोक दतिया और माता मंदिर लोक रतनगढ़ को पूरा किया जायेगा।

## नयी पहचान गढ़ता पर्यटन

- "पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा" का शुभारंभ। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल, रीवा, सिंगरौली, उज्जैन एवं खजुराहो के मध्य शुरू हुआ संचालन।
- मध्यप्रदेश टाइगर और चीता स्टेट के बाद बना लेपर्ड स्टेट। भारत सरकार की रिपोर्ट अनुसार प्रदेश में 3907 तेंदुए हैं, जो कि देश में सबसे अधिक हैं।
- मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और राजस्थान को मिलाकर बनेगा चीता कॉरिडोर।
- प्राणपुर, सावरवानी एवं लाडपुर खास को मिला सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम का पुरस्कार।

## सेवा और संवर्धन गौ-संरक्षण

- वर्ष 2024 गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।
- दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण आजीविका बढ़ाने के उद्देश्य से हर ब्लॉक में एक गांव 'वृंदावन ग्राम' बनेगा।
- 10 से ज्यादा गाय पालने पर शासकीय अनुदान देने का निर्णय।
- दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच हुआ एमओयू। आगामी 5 वर्ष में लगभग 12000 दुग्ध समितियां 25 लाख लीटर दूध एकत्रित करने लगेंगी।
- ग्वालियर स्थित आदर्श गौ-शाला में देश के पहले 100 टन क्षमता वाले सीएनजी प्लांट की स्थापना।
- प्रत्येक 50 किमी पर घायल गायों के इलाज के लिए हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग वाहन का प्रबंध। 406 चलित पशु चिकित्सा इकाइयां प्रारंभ।

## विकास को बल देती अर्थव्यवस्था

- वर्ष 2024-25 में 16% की बढ़ोत्तरी के साथ ₹ 3 लाख 65 हजार करोड़ से अधिक का बजट प्रस्तुत
- अगले 5 साल में बजट को दोगुना करते हुए ₹ 7 लाख करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य
- आगामी वित्त वर्ष में शून्य बजट का प्रावधान करने का निर्णय।

## प्रगति का आधार अधोसंरचना विकास

### सड़क

- इंदौर में ₹ 350 करोड़ के एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण प्रगति पर। भोपाल, देवास, ग्वालियर, जबलपुर एवं सतना में भी बन रहे एलिवेटेड कॉरिडोर।
- ₹ 10 हज़ार करोड़ से अधिक की 724 किमी लम्बी विभिन्न 24 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास।
- भारत सरकार द्वारा प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए ₹ 3 हजार 500 करोड़ की राशि स्वीकृत।
- उज्जैन-जावरा 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे निर्माण के लिए ₹ 5 हजार करोड़ से अधिक की स्वीकृति। इसके निर्माण से उज्जैन, इंदौर एवं आस-पास के क्षेत्र मुम्बई-दिल्ली 8 लेन इण्डस्ट्रीयल कॉरीडोर से जुड़ेंगे।
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 8,565 गांव 19,378 किलोमीटर लंबी सड़कों से बारहमासी मार्ग से जुड़े।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 हजार कि.मी. की सड़कों के निर्माण एवं लगभग 2 हजार कि.मी. सड़कों के नवीनीकरण का लक्ष्य।
- ₹3589 करोड़ की लागत से भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को 4-लेन में अपग्रेड करने की स्वीकृति।
- 6-लेन आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर की परियोजना स्वीकृत।

### वायुसेवा

- ग्वालियर से बेंगलुरु, अहमदाबाद, ग्वालियर, दिल्ली और अयोध्या के लिए विमान सेवा प्रारंभ।
- विंध्य क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात। रीवा में मध्यप्रदेश का छठवें एयरपोर्ट का शुभारंभ।
- ग्वालियर में देश में सबसे कम समय में बनकर तैयार हुए, मध्यप्रदेश के सबसे बड़े राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट का उद्घाटन।

### रेल

- ₹ 14440 करोड़ की लागत से भोपाल एवं इंदौर में मेट्रो रेल निर्माणाधीन।
- इंदौर-उज्जैन के मध्य शुरू होगी वन्दे मेट्रो ट्रेन।
- ₹ 18 हजार 36 करोड़ की इंदौर-मनमाड़ रेलवे लाइन परियोजना को स्वीकृति, 309 किमी लंबी रेल लाइन पर 30 नए रेलवे स्टेशनों से जनजातीय बहुल आकांक्षी जिला बड़वानी, धार, खंडवा, खरगोन, इंदौर सहित निकटवर्ती जिले लाभान्वित होंगे।
- प्रधानमंत्री जी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजनांतर्गत 33 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास एवं 133 रेल ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का शिलान्यास एवं लोकार्पण।
- मध्यप्रदेश को 364 विभिन्न रेल परियोजनाओं की सौगात। प्रदेश को चौथी सेमी-हाईस्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस (खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन) ट्रेन मिली।
- भोपाल में वंदे भारत ट्रेनों के रख-रखाव और सुविधाओं के विकास हेतु लगभग ₹ 100 करोड़ की लागत से नए कोचिंग कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास।

### नवीकरणीय ऊर्जा

- 12 वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से बिजली उत्पादन 14 गुना बढ़कर हुआ 7,000 मेगावॉट।
- 308 करोड़ रुपये की लागत से खरगौन जिले में जलूद ऊर्जा संयंत्र का भूमिपूजन।
- ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पावर प्रोजेक्ट से 278 MW विद्युत उत्पादन प्रारंभ।
- इंदौर को सोलर सिटी बनाने के लिए हर घर सोलर अभियान का संचालन।
- मुरैना में देश का पहला सोलर पॉवर स्टोरेज प्लांट लगाया जाएगा
- शाजापुर, आगर और नीमच में सोलर पार्क का निर्माण।

### केन-बेतवा लिंक परियोजना

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 25 दिसम्बर को छतरपुर में परियोजना का शिलान्यास किया जायेगा।
- परियोजना से प्रदेश के छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर जिलों में कुल 8.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मिलेगी सिंचाई सुविधा
- प्रदेश की कुल 41 लाख आबादी होगी लाभान्वित

### पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 17 दिसम्बर को परियोजना का शिलान्यास किया जायेगा।
- प्रदेश के मालवा क्षेत्र के 11 जिले गुना, शिवपुरी, सीहोर, देवास, राजगढ़, उज्जैन, आगर-मालवा, इंदौर, शाजापुर, मंदसौर एवं मुरैना में 6.13 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मिलेगी सिंचाई सुविधा।

### अन्य सिंचाई परियोजनाएं

- ₹ 1320 करोड़ की चितरंगी दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को स्वीकृति। सिंगरौली जिले में परियोजना से लगभग 32 हजार हेक्टेयर में सिंचाई क्षेत्र विकसित होगा।
- ₹ 4 हजार 197 करोड़ 58 लाख की लागत से जावद-नीमच दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को स्वीकृति।
- प्रदेश में 50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित, वर्ष 2028-29 तक 1 करोड़ हेक्टेयर करने का लक्ष्य।























D-11118/24

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 13 दिसंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172907



19



क्रिसमस में बच्चों को रिमोट कंट्रोल..


## लाइव इवेंट

### शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए जॉब फेयर 16 दिसंबर को


**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 दिसंबर को रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रायपुर में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब फेयर के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक एस.आर. हास्पिटल-चिखली (दुर्ग) में मेडिकल ऑफिसर, डेन्टिस्ट, फिजियोथेरेपी, ओटी टेक्नीशियन, एक्सरे टेक्नीशियन, पैथेलॉजी लैब, नर्सिंग स्टॉफ, डायलिसिस टेक्नीशियन, फिल्ड ऑफिसर, इलेक्ट्रीशियन ड्राइवर, कार्पोरेट मानियो, टीपीए मैनेजर, अकाउंटेंट, फार्मासिस्ट, कम्प्यूटर ऑपरेटर, पलंबर, जीएम मार्केटिंग, नर्सिंग, मल्टीवर्कर गार्ड के लिए भर्ती होगी।

#### 10 से 50 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन

इसी प्रकार रूद्रा इंटरप्राईजेस में मीटर टेक्नीशियन, मोबाईल ऑपरेटर, फिल्ड सर्वेयर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, टेलीकॉलर, बसंत मोटर्स में सर्विस कंसल्टेंट, पार्ट मैनेजर, टेलीकॉलर, टेक्नीशियन, हेल्पर टेक्नीशियन, सेल्स एग्जीक्यूटिव और जी.एस. ऑटोमोबाईल में सेल्स एग्जीक्यूटिव, सीनियर एडवाइजर, टेलीकॉलर, टेक्नीशियन, हेल्पर के लिए न्यूनतम 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, डी.सी.ए. तथा हास्पिटल सेक्टर के लिए एम.बी.बी.एस. बी.ए.एम.एस, बी.डी.एस, फार्मासिस्ट, एक्स-रे टेक्निशियन, लैब टैक्निशियन, नर्सिंग, डायलासिस टेक्निशियन, आई.टी.आई. (इलेक्ट्रिकल), वाहन चालक, एम.बी.ए., पी.जी.डी.सी.ए., उत्तीर्ण आदि के कुल 317 से अधिक पदों पर 10 से 50 हजार रूपये प्रतिमाह वेतन पर भर्ती होगी।

## लाइव इवेंट

### आर्ट गैलरी में आज सजेगी एकल कोलाज कला प्रदर्शनी 'अहसास'



**रायपुर।** महाकोशल कला परिषद, बिलासपुर के प्रतिष्ठित कलाकार वेदुल वेंकट रमणा किरण की एकल कोलाज कला प्रदर्शनी अहसास को 13 दिसंबर आर्ट गैलरी में सजाने जा रहा है। इसका शुभारंभ शाम 5 बजे मुख्य अतिथि मुकेश कुमार द्वारा किया जाएगा। इस प्रदर्शनी को लोग रात 8 बजे तक देख सकेंगे। इसे कलाप्रेमी 14 दिसंबर को शाम 5.30 बजे से रात 8 बजे तक आकर देख सकते हैं। एक्रेलिक कोलाज व जल रंग, स्याही से निर्मित रचनाएं प्रदर्शित की जाएंगी।

#### कला प्रदर्शनी इसलिए खास

कला और लेखन के लिए प्रदेश की विभिन्न संस्थाओं से सम्मानित वेदुल वेंकट रमणा किरण की यह तीसरी कला प्रदर्शनी है। कलाकार ने इस कला प्रदर्शनी में तात्कालिक विषयों का रूपायन किया है। इस बार कृतियों को रंगों के समावेश से खास लुक दिया गया है। नए कलाकारों के लिए यहां बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

## सिटी इवेंट

### तनाव का मूल कारण मन की चंचलता हर दिन आधे घंटे तक करें ध्यान



**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में जैन गुरु आचार्यश्री अरविंद मुनि की उपस्थिति में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आचार्यश्री ने चिकित्सा छात्रों एवं चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान ने मनुष्य को इतना सुंदर बनाया है, लेकिन तनाव की वजह से वह अपना चेहरा बिगाड़ लेता है। तनाव यानी टेंशन का मूल कारण समझ में नहीं आ रहा है, जबकि इसका मूल कारण मन की चंचलता है। मानव मस्तिष्क में मिनट दर मिनट विविध प्रकार के विचार उत्पन्न होते हैं। ईश्वर की आराधना, भक्ति भावना, पूजा-पाठ और नाम सुमिरन के जरिए जीवन में सकारात्मकता आती है। नकारात्मकता को खत्म करने का सबसे अच्छा उपाय है ध्यान। अभी करो, अभी पाओ, अभी सीख जाओगे... के ध्येय वाक्य के साथ मैं आपको जीवन में तनाव कम करने के लिए ध्यान सिखाने आया हूं।

#### सुविधाओं के अभाव में नहीं लिया तनाव

इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आचार्य अरविंद मुनि को बताया कि न केवल राज्यभर, बल्कि पड़ोसी राज्यों के मरीज भी यहां उपचार के लिए आते हैं। उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम इसलिए कराया कि जीवन में तनाव नहीं लेना चाहिए। अपने छात्र जीवन के अनुभवों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने फिजिकल केमेस्ट्री से एमएससी की है। उन दिनों में गांव में लाइट की व्यवस्था नहीं रहती थी। इसके बावजूद मैंने पढ़ाई के दौरान कभी तनाव नहीं लिया। दबाव या तनाव में पढ़ाई नहीं करनी चाहिए।

---

**शहर के वायलिनिस्ट ने कहा- वायलिन सीखने धैर्य, अनुशासन और समर्पण जरूरी, नियमित रियाज से मिलेगी सफलता**

# पांच सालों में 50 फीसदी युवाओं ने शास्त्रीय संगीत के लिए वायलिन को चुना, ब्राजील और कनाडा से आ रहे वाद्य यंत्र

कोई भी गाना वाद्ययंत्रों की ध्वनि बगैर अधूरा है। यही वजह है कि पुराने और नए फिल्मों के अधिकांश गानों में वायलिन का प्रयोग अधिक किया जाता था। आज भी ज्यादातर फिल्मों के बैक ग्राउंड म्यूजिक में इसका इस्तेमाल किया जाता है। शहर के वायलिनिस्ट का कहना है कि वायलिन के बिना फिल्मों या फिर गीतों मे उदासी का भाव नहीं आ सकता। इसलिए इस विधा का महत्व संगीत में हमेशा रहेगा। विश्व वायलिन दिवस पर हरिभूमि ने शहर के वायलिनिस्ट से बातचीत की, जिन्होंने अपनी कला से देश में अलग पहचान बनाई है। बता दें कि वायलिन का आविष्कार 16वीं शताब्दी के मध्य में उत्तरी इटली में हुआ था। वायलिन वादक तारों पर धनुष खींचकर कई तरह से ध्वनि में बदलाव करते हैं।



### 15 से 35 हजार तक वायलिन के दाम

शहर में भी कोलकाता और जयपुर के बेहतरीन ध्वनि गुण और उच्च गुणवत्ता के वायलिन बिकते हैं। विशेष आर्डर पर मेपल वुड, ब्राजील और कनाडा से मंगाए जाते हैं। इंडियन वुड और पाइन वुड पहाड़ों से प्राप्त होती है। शहर में फोर स्ट्रिंग, फाइव स्ट्रिंग, सेवन स्ट्रिंग और तरब वायलिन मिलते हैं। इसकी कीमत 15 हजार से लेकर 35 हजार रुपए तक होती है, जो इसे संगीत प्रेमियों और पेशेवरों के बीच खासा लोकप्रिय बनाती है।



**आज विश्व वायलिन दिवस**

### राजधानी में वायलिन टीचर्स की कमी



शहर में युवा अब वायलिन सीखना चाह रहे हैं। लेकिन शहर में वायलिन टीचर्स की कमी है। शहर में कुछ प्राइवेट इंस्टीट्यूशन में वायलिन सिखाया जाता है। यहां से कुछ वायलिनिस्ट भी निकले हैं, जो कि देश के कई नामी संगीत विवि में सेवाएं दे रहे हैं और युवाओं को वायलिन सिखा रहे हैं। स्कूलों में एनुअल फंक्शन के दौरान कई स्टूडेंट्स वायलिन बजाते हैं। उन्हें स्कूल में सिखाया जाता है।

### वायलिन शास्त्रीय संगीत की धरोहर

शहर के वायलिनिस्ट 2002 से वायलिन की प्रस्तुतियां दे रहे हैं। बातचीत में बताया कि वायलिन की शिक्षा बचपन से शुरू कर दी थी और अब तक 20 वर्षों से विभिन्न प्रसिद्ध गुरुओं से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। आज भी युवा वायलिन सीखना चाहते हैं तो उनके लिए धैर्य, अनुशासन और समर्पण जरूरी है। परंपरा अनुसार इसकी शुरुआत करें। गुरुजनों का सम्मान और नियमित रियाज करें। यह केवल एक कला नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और व्यक्तित्व विकास का माध्यम है। भारतीय शास्त्रीय संगीत की धरोहर को आगे बढ़ाने का प्रयास करें और इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।



**रायपुर।** वायलिनिस्ट डॉ. के. रोहन नायडू का कहना है कि वायलिन बहुत गहन साधना और अनुशासन मांगता है। सच कहें तो यह जीवन मांगता है। आजकल का समय और दिनचर्या संगीत की पौध, नए विद्यार्थियों के लिए थोड़ा-सा विपरीत कार्य कर रही है। जब हम तुलना करते हैं तो पहले के समय और आज के समय में तो हम इसे संगीत के दृष्टिकोण से प्रतिकूल ही पाते हैं। बहुत सी अनावश्यक बातों और कार्यों में आज समय नष्ट हो रहा है, जिसके कारण वैसे परिणाम भी हमारे सामने नहीं आ पा रहे हैं। वायलिन के विद्यार्थियों में अपेक्षाकृत पहले से आज के समय में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। लोग बड़े स्तर पर वायलिन सीख रहे हैं और सीखना चाहते हैं। रोहन ने बताया कि वायलिन की प्रेरणा उनके संगीत-प्रेमी परिवार से मिली। उनकी रुचि बचपन से ही संगीत में थी और उन्होंने 3 वर्ष की उम्र में संगीत की शुरुआत की। उन्हें उनके गुरुजनों और विशेष रूप से विदुषी डॉ. एन. राजम से प्रेरणा मिली।

### पटियाला घराने से सीखी गायकी

शहर के वायलिनिस्ट साकेत साहू ने अपनी कला का प्रदर्शन राष्ट्रीय मंचों पर किया है। बचपन से ही संगीत के प्रति गहरी रुचि रही है। उन्होंने मात्र पांच साल की उम्र में वायलिन वादन का प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया। करीब 15 साल सीखने के बाद अनेक मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखाई। अब युवाओं को वायलिन बजाना सिखा भी रहे हैं। घर वालों को विविध वाद्ययंत्र बजाते देखकर बचपन से ही संगीत के प्रति लगाव पैदा हुआ। अनेक वाद्ययंत्रों में से साकेत को वायलिन बजाना अच्छा लगा। मात्र पांच साल की उम्र में प्रसिद्ध वायलिन वादक पं. राधाकृष्ण झा से वायलिन बजाना सीखना शुरू किया। झा साहब वायलिन बनाते भी थे। 15 साल तक वायलिन बजाना सीखा। साकेत ने महान वायलिन वादक पद्मभूषण एमएस गोपालकृष्णन से भी वायलिन की बारीकियां सीखीं। इसके पश्चात आईटीसी संगीत रिसर्च अकादमी कोलकाता से जुड़ गए। पटियाला घराने के गायक पद्मभूषण पं. अजय चक्रवर्ती से गायकी की शिक्षा ली।

---

## संस्कृति की रक्षा भारतीय भाषाओं से संभव, इससे बनेगा विश्वगुरु

**रायपुर।** भारत देश में संस्कृत प्राचीन भाषाओं में शामिल है, इसका ज्ञान सभी वर्गों के व्यक्तियों को होना आवश्यक है। संस्कृत संबंधित विभिन्न जानकारियों के साथ संबोधन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को शासकीय दूधाधारी श्री वैष्णव स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान छात्राएं गुजराती, छत्तीसगढ़ी, मराठी और साउथ इंडियन परिधान में सजी-धजी नजर आईं। इस अवसर पर फिल्मी और शास्त्रीय संगीत पर नृत्य दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. दिग्विजय कुमार द्विवेदी, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. हेमंत शर्मा एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



### नई शिक्षा नीति से शिक्षण प्रणाली में अनेक बदलाव

मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, भाषाओं की रक्षा से ही संस्कृति की रक्षा संभव है। वर्तमान समय में भारतीय संस्कृति की रक्षा भारतीय भाषाओं से ही हो सकती है। संस्कृत भाषा पर जोर देते हुए कहा, नई शिक्षा नीति से शिक्षण प्रणाली में अनेक बदलाव देखे जा सकते हैं। इसमें बाल्यकाल से ही छात्रों की संस्कृत भाषा का अध्ययन कराया जाएगा, जिससे भाषाओं का विस्तार होगा। भारतीय शास्त्रों में निहित ज्ञान-विज्ञान द्वारा ही भारत विश्वगुरु के पद को प्राप्त कर सकता है। आगे बढ़ने के लिए देश को समुन्नति के पथ पर अग्रसर कर आधुनिकता के साथ-साथ प्राचीन ऋषिप्रणीत विधाओं को आश्रय लेना परम आवश्यक है।

**सम्मान समारोह :** कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय ने की। उन्होंने महाविद्यालय संबंधी जानकारी साझा करते हुए कहा, संस्कृत भाषा प्राचीन ज्ञान-विज्ञान के संरक्षण और संवर्धन का कार्य करती है। प्रदेश में संस्कृति भाषा के महाविद्यालय का होना गर्व की बात है। कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृत भजनों के साथ किया गया। इस दौरान सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, इसमें मुख्य अतिथि द्वारा छात्रों को पुरस्कार वितरित किया गया।

## लोक कलाकार तीजन बाई की डॉ. यास्मीन सिंह ने की मदद

**रायपुर।** लकवे की बीमारी से जूझ रही अंचल के प्रसिद्ध पंडवानी लोकगायिका पद्मश्री तीजन बाई के लिए नृत्यांगना डॉ. यास्मीन सहारी बनीं। विषम परिस्थिति में उन्होंने इस लोक कलाकार के आर्थिक मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। डॉ. यास्मीन सिंह प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के प्रमुख सचिव रहे अमन सिंह की धर्मपत्नी हैं। पंडवानी की लोकगायिका तीजन बाई विगत 2 साल से लकवाग्रस्त हैं। उन्होंने संस्कृति विभाग को पत्र लिखकर 88 हजार रुपए की आर्थिक सहायता और पेंशन के लिए अर्जी दी, लेकिन उन्हें कोई मदद नहीं मिली। जैसे ही तीजनबाई के बारे में नृत्यांगना डॉ. यास्मीन सिंह को जानकारी मिली, वैसे ही उन्होंने उनके इलाज के लिए 1 लाख रुपए की मदद की। विदित हो कि डॉ. यास्मीन सिंह कथक नृत्यांगना हैं, जो एक कलाकार के दर्द को समझती हैं। उन्होंने ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर संगीत विश्वविद्यालय से कथक में डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की है। पंडवानी का लोकप्रिय गायिका तीजनबाई पद्मश्री, पद्मभूषण, और पद्म विभूषण से सम्मानित अंतर्राष्ट्रीय कलाकार हैं। वे इन दिनों दर्द के भयंकर दौर से गुजर रही हैं। उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है और स्वास्थ्य भी गिरता जा रहा है। उन्हें 8 माह से पेंशन तक नहीं मिल रही है।



---

**छत्तीसगढ़ी लोकगायक की शानदार प्रस्तुति ने किया भावविभोर...**

**कार्नर न्यूज**

# चोला माटी के हे राम...सुनकर छलके आंसू, बांसुरी वादन और साउथ इंडियन नृत्य ने बटोरीं तालियां

*रायपुर। द्रोणा जइसे गुरु चले गे, करन जइसे दानी संगी...चोला माटी के हे राम...गीत सुनकर दर्शक अपनी आंखों में आंसू रोक न सके। इस एकल प्रस्तुति ने परिसर में मौजूद दर्शकों को भावुक कर दिया। दुर्गा महाविद्यालय द्वारा आयोजित 'मिलन' समारोह में नृत्य एवं गायन स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस दौरान बांसुरी वादन, साउथ इंडियन डांस और छत्तीसगढ़ी गीतों पर शानदार प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। 6 दिवसीय मिलन समारोह का शुभांरभ गुरुवार को किया गया, जिसका समापन 17 दिसंबर को किया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा।*




### पारंपरिक-शास्त्रीय संगीत पर नृत्य, छात्राओं ने जमाया रंग

पिया तोसे नैना लागे रे...मोहे छेड़ो ना नंदलाला...घर मोरे परदेसिया...गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान मराठी, गुजराती, साउथ इंडियन, बॉलीवुड और शास्त्रीय परिधान में छात्राएं शामिल हुईं। प्रत्येक छात्र को प्रस्तुति के लिए 3-5 मिनट का समय निर्धारित किया गया, इस अवसर पर सभी ने एक से बढ़कर एक मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। शास्त्रीय एवं पारंपरिक नृत्य की प्रथम विजेता सृष्टि पाठक, द्वितीय अर्चना, नेहा पाण्डे और पल्लवी रहीं। इस अवसर पर वेस्टर्न डांस में मानसी प्रथम, जशदीप, सोनम, दिशा ने द्वितीय पुरस्कार अपने नाम दर्ज किया। डॉ. मधुलिका चौबे, रिया ताम्रकार, विशाखा पटले निर्णायक के रूप में उपस्थित रहीं।

### अंतिम दिन पुरस्कार वितरण

इस अवसर पर एकल एवं सामूहिक नृत्य, गायन, वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें कॉलेज की सौ से अधिक छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र परिषद संचालन समिति द्वारा समारोह का संचालन किया जा रहा है। इसके प्रथम दिवस प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मुखर्जी साहूकार, उपप्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार अग्रवाल व छात्र परिषद प्रभारी डॉ. अजय चंद्राकर और डॉ. विजय कुमार चौबे उपस्थित रहे। डॉ. चौबे ने बताया, परिसर में प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विजेताओं को अंतिम दिन पुरस्कार एवं प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया जाना है। कार्यक्रम आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों के लिए भी प्रोत्साहित करना है।

धर्म लाइव

## निराशा में आशा की किरण बन रहा विपश्यना ध्यान, मन को बना रहे मजबूत



**रायपुर।** धम्मकुटी विपश्यना ध्यान केंद्र सिंगारभाठा केंद्री रायपुर में 13 महिलाएं और 15 पुरुष दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर में साधना कर रहे हैं। इनमें समाज के कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो जीवन से निराश हो चुके हैं, किन्तु विपश्यना शिविर में शामिल होकर विपश्यना के प्रथम सोपान आनापान ध्यान प्रारंभ करते ही उनके मन में आशा का संचार हो रहा है। विपश्यना स्थूलता से सूक्ष्मता की ओर बढ़ने की साधना है। चौथे दिन अपने अनुभव के आधार पर ज्ञान जगाने साधना विपश्यना सिखाई गई। इससे समझ में आने लगता है कि मैं अपने दुख एवं सुख के लिए स्वयं जिम्मेदार हूं। शिविर में संवेदना के आधार पर ज्ञान जगता है। जो उनके मन को निर्मल करने की दिशा में ले जाता है। ध्यान के विविध आयाम के कारण भारत सरकार के अनेक उपक्रम, राज्य सरकार एवं निजी संस्थान अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को शिविर में भेज रहे हैं। भारतीय परंपरा के अनुरूप विपश्यना साधना निशुल्क सिखाई जाती है।


### प्रतिदिन दस घंटे चलती है ध्यान साधना

शिविर का संचालन इंदौर के सहायक आचार्य अनिल मतकर एवं इंदु मतकर कर रही हैं। शिविर प्रातः 4 बजे उठने की घंटी से शुरू होकर विभिन्न सत्रों में दस घंटे साधना करते हैं। जो उपलब्धि घर में रहकर दस वर्ष में नहीं मिली, वह ध्यान शिविर के दस दिवसीय आवासीय साधना से संभव हो रही है। विपश्यना ध्यान की समय सारिणी समय प्रबंधन का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है।

धर्म लाइव

## जब साधक सत्कर्म की ओर अग्रसर होता है, तब विघ्न आते हैं

**रायपुर।** श्री शिकारपुरी पंचायत धर्मशाला समता कॉलोनी में चल रही श्रीमद भागवत कथा में श्रीधाम वृंदावन से पधारे डॉ. संजय कृष्ण सलिल महाराज ने श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस के प्रवचन में कहा कि हमारे सभी ग्रंथ, पुराण एवं वेद यही बताते हैं कि हम सभी को उपासना करनी चाहिए, हमारे जो ईष्ट हैं, उनकी हम उपासना, पूजा-पाठ, ध्यान करते हैं। यह सभी साधन उनके अंग हैं, उपासना का सीधा अर्थ है आगे बढ़ना, हर परिस्थिति में आगे बढ़ना, वासना से उपासना की ओर आगे जाना। आगे महाराज ने बताया, जब साधक सत्कर्म की ओर अग्रसर होता है तो अनेक विघ्न आते हैं, जो हमें विचलित करते हैं।



### महाभारत की भीष्म कथा का मार्मिक वर्णन

ऐसे समय में हमारे प्रभु हमारी सहायता के लिए संत गुरु के रूप में आकर हमें स्थिति से जूझने का मार्ग दिखाते हैं और हमें धकेलकर श्रीठाकुर के चरणों तक पहुंचा देते हैं। आज की कथा में महाभारत की भीष्म कथा का मार्मिक वर्णन कर भक्तों को भावविभोर कर अश्रुधारा से ओत-प्रोत कर दिया। कथा में उपस्थित मुख्य यजमान देव सिंह साहू सपरिवार, जयकिशन जकोड़िया, विष्णु गोयल, अरविंद साहू रहे।

समाज इवेंट

## जीवन में भौतिक सुख के साधन तो हैं, लेकिन सुख-शांति नहीं




**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से शांति सरोवर में मीडिया परिसंवाद का आयोजन किया गया। यह परिसंवाद ब्रह्माकुमारी संस्थान के मीडिया प्रभाग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश भाईजी की नौवीं पुण्यतिथि पर आयोजित था। नई सामाजिक व्यवस्था के लिए दृष्टि एवं मूल्य निर्धारण में मीडिया की भूमिका पर वक्ताओं ने बातें रखीं। पूर्व कुलपति प्रो. मानसिंह परमार ने कहा कि आज सोशल मीडिया सबसे ज्यादा अनसोशल हो गया है, जिसके भी हाथ में मोबाइल है, वह पत्रकार बन गया है। जिस तरह प्रिंट मीडिया जिम्मदारी से काम कर रहा है, वैसे ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को भी अपनी जिम्मेदारी समझकर काम करना होगा।

### मनोबल कमजोर होने के कारण आत्महत्या

इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि इस समय लोगों के पास भौतिक सुख के सारे साधन मौजूद हैं, किंतु फिर भी उनके जीवन में सुख और शांति नहीं है। वर्तमान समय आंतरिक सशक्तिकरण की आवश्यकता है। इसके अभाव में विपरीत परिस्थितियां आने पर लोग उसका सामना नहीं कर पाते हैं और मनोबल के कमजोर होने के कारण आत्महत्या कर बैठते हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार के कारण समाज में विकृति पैदा हो रही है। ऐसे समय में मीडिया का दायित्व हो जाता है कि वह समाज को रचनात्मक बातें बतलाए। अध्यात्म हमें बताता है कि हम शरीर को चलाने वाली चैतन्य शक्ति आत्मा हैं। स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा को याद करने से हमारा जीवन मूल्यनिष्ठ बन जाता है।

● क्रिसमस के लिए सजा तोहफों का बाजार, क्रिसमस ट्री की भी विशेष सज्जा

# क्रिसमस में बच्चों को रिमोट कंट्रोल सांता देंगे गिफ्ट मोबाइल से दूर रखने मिलेगी आउटडोर गेम किट



'इस बार क्रिसमस के लिए बाजार में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ खास है। इसमें बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए भी हर बजट में तोहफा देने के लिए कई तरह के लॉफिंग, डांसिंग व सिंगिंग सांता क्लॉज खास हैं। इस बार एक फीट से लेकर 8 से 10 फीट तक ऊंची क्रिसमस ट्री भी दुकानों पर लोगों के लिए सज गए हैं। इससे अब मसीही समाज के लोग खरीदी के लिए बाजार में रौनक बढ़ाने का साजोसामान खरीदने में जुट गए है।'

## सीक्रेट गिफ्ट के लिए खास तरह के हैंपर, छोटे बच्चों पर फोकस





**रायपुर।** क्रिसमस पर्व पर दिए जाने वाले तोहफों के लिए इस साल भी बाजार सज चुके हैं। क्रिसमस ट्री को डिफरेंट लुक देने के लिए न सिर्फ सजावट के लिए कई तरह की चीजें आई हुईं हैं, बल्कि तोहफों में भी वैरायटीज भी देखने को मिल रही है। इस बार खासकर छोटे बच्चों के लिए कई तरह के तोहफे उपलब्ध हैं। शहर के दुकानदारों के अनुसार, क्रिसमस के लिए लोग सीक्रेट गिफ्ट भी प्लान कर रहे हैं। इसमें गिफ्ट की खास तरह की पैकिंग भी कराई जा रही है। कई गिफ्ट शॉप ने खुद ही हैंपर तैयार किए हैं तो कुछ ऑर्डर देकर खास तौर से बनवा रहे हैं।

### सजावट के लिए मिक्स लाइट

इस बार डांसिंग सांता क्लॉज भी नजर आएंगे। इसके लिए शहर के व्यापारियों ने मुंबई व दिल्ली से डांसिंग सांता क्लॉज विशेष आर्डर देकर मंगाए हैं। ये कई तरह की आकृतियों में ये उपलब्ध हैं। इस बार तोहफे देने के लिए भी 100 से 500 की रेंज में होने इन्हें पसंद किया जा रहा है। वहीं बड़े मॉल्स, रेस्तरां और होटल्स में क्रिसमस के मौके पर खास सजावट की जाती है। इसके लिए मिक्स लाइट लगाने पूछपरख शुरू हो गई है। इस बार महानगरों की तर्ज पर यहां भी भव्यता नजर आएगी। अब यहां थीम बेस्ड डेकोरेशन करने की तैयारी की जा रहा है। क्रिसमस ट्री को सजाने के लिए खास तरह के लाइट 100-500 की रेंज में खरीद रहे हैं। एक तरह के रंगों का चयन करने के स्थान पर लोग मिक्स लाइट का चुनाव कर रहे हैं। इसमें गिफ्ट की खास तरह की पैकिंग भी कराई जा रही है। कई गिफ्ट शॉप ने खुद ही हैंपर तैयार किए हैं तो कुछ ऑर्डर देकर खास तौर से बनवा रहे हैं।

### गाते हुए डांस करेंगे सांता क्लॉज

दुकान में सजने वाले डांसिंग सांता क्लॉज को चलाने बिजली का उपयोग करना पड़ेगा। इसके लिए जरूरी उपकरण भी साथ में उपलब्ध करा रहे हैं। इसे लगाते ही सांता क्लॉज कैरोल गाते हुए डांस करेंगे। इसमें एक डांसिंग सांता क्लॉज फ्रेमिंग भी किया गया। इसमें कई सांता क्लॉज एक साथ रंगीन लाइट्स के बीच डांस करते हुए नजर आएंगे। 300 से 750 की रेंज में मिलने से सजाने के लिए लोग खरीद रहे हैं। बच्चों को गिफ्ट देने के लिए लोग जरूरत के मुताबिक इन्हें खरीदने भी पहुंच रहे हैं।

### ऑर्डर पर दुकानदार कर रहे तैयार

अरिहंत जैन ने बताया कि कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा क्रिसमस पर बच्चों और जरूरतमंदों को थोक में गिफ्ट बांटे जाते हैं। थोक में दिए जाने वाले तोहफों के लिए विशेष ऑर्डर पर हैंपर तैयार हो रहे हैं। इसमें जरूरत की वस्तुओं, खाद्य सामग्री तथा पढ़ाई से जुड़ी चीजें अधिक होती हैं। इन्हें भी खास तरह से पैक किया जा रहा है।




रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्फर्टर दोहड़ | कम्बल रजाई | प्रोटेक्टर | तकिया | सोफा कमबेड | रजाई-गद्दा कव्हर | टावेल | रुई गद्दा | सोफा कव्हर
पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
संजय रुई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755 गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मेन्स वियर मेला BRAND BAZAR INTERNATIONAL BRAND
होलसेल से भी कम रेट में! इससे अच्छा और सस्ता कहीं नहीं!
• जींस • टी-शर्ट • शर्ट • लोअर • बरमूडा
मानसरोवर छत्तीसगढ़ का पहला मेन्स होलसेल हब जहाँ बड़े इंटरनेशनल ब्रांड के
आज ही विजिट करें:
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
7880002712 7880002704
मानसरोवर

पिकनिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक
बारनवापारा, सिरपुर में पिकनिक प्रति व्यक्ति केवल 650/- में
नाश्ता - दोपहर का लंच, शाम की चाय (मिनिमम 50 व्यक्तियों हेतु)
आओ और अपने परिवार और मित्रों के साथ एक यादगार दिन बिताएं!
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now ▪ KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
भामरा गार्डन बारनवापारा
9589386162

SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com
0771-2433880
CCTV | Biometrics | Fire Safety | Video Conf. | Networking & IT Solutions | Vehicle Traking

विक्ट्री इलेक्ट्रिक VICTORY
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा, बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
एक बार चार्ज होने पर 100 से 120 किमी. चलती जाएं
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ विक्ट्री इलेक्ट्रिक पर
पॉवर सॉल्यूशन हुण्डई शो रूम के पास, रिंग रोड नं. 1 कुशालपुर, रायपुर (छ.ग) 6263745853 9827129838

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करें...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

GK TMT सपनों को जीके देखो
श्रीनाथ ट्रेड लिंक के सौजन्य से
दुर्गा मंदिर के पास मेन रोड डुंडा, रायपुर मो. 98271-34515 89592-22666
लकी ड्रॉ 31 मार्च 2025 को
150 बंडल जीके टीएमटी की खरीदी पर आकर्षक उपहार
प्रथम प्राइस 265 लीटर डबल डोर फ्रिज
द्वितीय प्राइस टॉप लोड वाशिंग मशीन
अन्य प्रतिभागी जो 150 बंडल टीएमटी उठा चुके हैं उनके लिए अन्य आकर्षक उपहार

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## खबर संक्षेप

### बृजमोहन ने छत्तीसगढ़ में आपदा प्रबंधन संस्थान खोलने की मांग की



**रायपुर।** लोकसभा में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा के दौरान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने छत्तीसगढ़ में आपदा प्रबंधन संस्थान खोलने की मांग की। श्री अग्रवाल ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा, यह विधेयक 15वें वित्त आयोग के निर्देशों के आधार पर तैयार किया गया है और इसमें राज्यों और जिलों को अधिक शक्ति दी गई है। विपक्ष द्वारा इस संशोधन विधेयक पर सवाल उठाना निराधार है। श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में एक आपदा प्रबंधन संस्थान स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा, राज्य खनिज, कोयला और लोहे के खनन के माध्यम से केंद्र को बड़ा राजस्व देता है, लेकिन हाथियों के उत्पात और नक्सलवाद जैसी समस्याओं से जूझ रहा है।

### महंत बोले- भाजपा सरकार का पहला साल, छत्तीसगढ़ बदहाल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, वादा निभाने वित्तमंत्री, गृहमंत्री के आवास का घेराव किया जा रहा है। सरकार के खिलाफ दिव्यांगजन आंदोलन करने को मजबूर हो गये हैं। दिव्यांग मुख्यमंत्री निवास घेरने को निकलने को विवश हो गये। यह सरकार के 1 साल की कथित सफलता की सच्चाई है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार के 1 साल में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया है। जनकल्याणकारी योजनाएं बंद हो गयी हैं। सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण 1 साल में ही राज्य के खजाने पर 37000 करोड़ से अधिक का कर्जा हो गया है। युवाओं को मिलने वाला बेरोजगारी भत्ता बंद हो गया।

### शिवली को पीएचडी



**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय अटल नगर ने शिवली श्रुति श्रीवास्तव को मनोविज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय 'सरकारी और निजी स्कूल के शिक्षकों के व्यावसायिक तनाव और आत्म-संपीड़न के कारण मानसिक स्वास्थ्य' था। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. प्रीति दीक्षित के मार्गदर्शन में पूरा किया। उनकी इस उपलब्धि के लिए अभिलाष श्रीवास्तव, अमिताभ श्रीवास्तव, निर्मला, डॉ. सिमी श्रीवास्तव, डॉ. मनीष, भागीरथी सक्सेना, अपूर्वा एवं निशांत का सहयोग रहा।

## निधन

### दशरथ राव राने



**रायपुर।** महावीर नगर निवासी दशरथ राव राने का 12 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे काशीदेवी राने के पति और भरत, योगेश, उमेश राने के पिता थे।

**वन्यजीवों का संरक्षण, संवर्धन करने समन्वय स्थापित करने दोनों राज्यों के वन अफसरों की हाई लेवल मीटिंग**

# छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश बना हाथी-बाघ का कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के हाथियों का पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तथा मध्यप्रदेश के बाघों का राज्य में आमद पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा बढ़ गई है। हाथी तथा बाघ को किसी तरह से नुकसान से बचाने शुक्रवार को वन मुख्यालय में दोनों राज्यों के वन अफसरों की एक हाईलेवल बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों राज्यों के पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सहित वन्यजीव अफसर के साथ डीएफओ शामिल हुए।

बैठक में हाथी तथा बाघ के संरक्षण के लिए दोनों राज्यों के बीच सर्वोत्तम उपायों और समन्वय पर चर्चा की गई। बैठक में मध्यप्रदेश के पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ शुभ्रंजन सेन, राज्य के पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर कुमार अग्रवाल तथा एपीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ प्रेम कुमार के साथ मध्यप्रदेश के बांधवगढ़, कान्हा, संजय गांधी टाइगर रिजर्व के वन अधिकारी भी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ से टाइगर रिजर्व से और बिलासपुर तथा सरगुजा वन मंडल के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### संयुक्त प्रयास कर वन्यजीवों को बचाएंगे

दोनों राज्यों के वन अफसरों ने बाघ तथा हाथी के संरक्षण के लिए संयुक्त प्रयास करने की बात पर सहमत हुए। साथ ही, वन्यजीवों के आवास को सुरक्षित रखने के लिए परस्पर सर्वोत्तम उपायों का आदान-प्रदान किया जाएगा और छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के वन विभाग दोनों राज्यों के बीच निरंतर समन्वय स्थापित कर हाथी और बाघ संरक्षण की दिशा में कार्य करेंगे।



### मध्यप्रदेश के बाघ ने बनाया टेरिटरी

गौरतलब है कि अचानकमार टाइगर रिजर्व तथा गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व मध्यप्रदेश स्थित कान्हा तथा संजय डुबारी नेशनल पार्क से सटा हुआ है। एटीआर तथा गुरु घासीदास के साथ कवर्धा स्थित भोरमदेव अभयारण्य में मध्यप्रदेश से बाघों तथा हाथी की आवाजाही होती रहती है। गुरु घासीदास में हर दूसरे तीसरे दिन संजय डुबारी के बाध विचरण करते हुए पहुंच जाते हैं। कान्हा में बाघों की संख्या बढ़ने से कान्हा का टी-200 टाइगर ने अचानकमार में अपना स्थायी टेरिटरी बना लिया है। राज्य के वन अफसर वर्तमान में यहां के टाइगर रिजर्व में 29 के करीब बाघ होने का दावा कर रहे हैं।

### लैंडस्कैप एप्रोच अपनाने पर बल

बैठक में हाथी तथा बाघ के संरक्षण के लिए वन अफसरों ने लैंडस्कैप एप्रोच अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह दृष्टिकोण इन प्रजातियों के आवास को संरक्षित करने और उनके प्राकृतिक आवासों में बढ़ते खतरों को कम करने के लिए अत्यधिक प्रभावी माना गया है।

**राजधानी रायपुर में एक प्राइवेट स्कूल का मामला**

# महिला कर्मचारी से मारपीट, वेतन भी रोका, महिला आयोग पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में एक प्राइवेट स्कूल के प्रबंधन व उसके अन्य सहयोगियों द्वारा एक महिला कर्मचारी से मारपीट करने तथा एक माह का वेतन नहीं देने का मामला सामने आया है। पीड़ित कर्मचारी ने इस मामले की शिकायत राज्य महिला आयोग में की है, जिस पर गुरुवार को सुनवाई हुई।

### दोनों पक्षों को दस्तावेजों के साथ आगामी सुनवाई में बुलाया

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया, लक्ष्मी वर्मा, ओजस्वी मंडावी एवं दीपिका शोरी ने रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की।

इस सुनवाई में स्कूल में मैनजमेंट व बजट का कार्य करने वाली एक महिला कर्मचारी ने स्कूल प्रबंधक व अन्य उनके सहयोगियों पर उसे प्रताड़ित करने के साथ मारपीट और एक माह का वेतन नहीं देने का आरोप लगाया। पीड़िता ने आयोग को बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से स्कूल में अध्यक्ष की असिस्टेंट के रूप में कार्य कर रही है। स्कूल में अध्यक्ष ने गड़बड़ी की थी, जिसकी जांच करने के बाद प्रबंधक ने उसे हटा दिया। उसके हटाने के बाद प्रबंधक अब अध्यक्ष द्वारा की गई गड़बड़ी का हिसाब-किताब उससे मांग रही है, जबकि इस गड़बड़ी से उसका कोई लेना-देना नहीं है। इधर प्रबंधक व उसके सहयोगियों ने भी संदेह व्यक्त किया है कि इस गड़बड़ी में पीड़िता भी सहभागिता रही है, इसलिए उससे हिसाब-किताब मांगा जा रहा है। आयोग ने इस प्रकरण में दोनों पक्षकारों को आगामी सुनवाई में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।



### पत्नी को बच्चों से किया अलग समझाइश पर पति साथ रहने हुआ राजी

एक प्रकरण में एक व्यक्ति ने अपने दो बच्चों को पत्नी से छीनकर अपने पास रख लिया था। पत्नी की शिकायत पर इस मामले में आयोग ने सुनवाई की। इस दौरान आवेदिका ने बताया कि पति ने पारिवारिक विवाद पर उसके दो वर्ष और 4 माह के दोनों बच्चों को उससे छीनकर झांसी से दो सौ किलोमीटर दूर अपने रिश्तेदार के पास छोड़ आया है। इस सुनवाई में अनावेदक 2 वर्ष के बच्चे को लेकर पहुंचा था। आयोग ने इस पर अनावेदक को आगामी सुनवाई में दोनों बच्चों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### बुजुर्ग को प्रताड़ित करने पर बेटा-बहू को मकान खाली करने के निर्देश

आयोग में एक अन्य प्रकरण में एक बुजुर्ग महिला ने शिकायत की कि उसका बेटा और बहू दोनों उस पर अत्याचार कर रहे हैं। बेटा-बहू दोनों पीड़िता के घर में ही रहते हैं और शारीरिक व मानसिक रूप से उस पर अत्याचार कर रहे हैं। आयोग ने इस मामले में बुजुर्ग महिला को जहां न्यायालय में घरेलू हिंसा का केस दर्ज कराने की सलाह दी, वहीं बेटा-बहू को आवेदिका का मकान खाली करने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसा नहीं करने पर दोनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रदेश के वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने 21 दिसंबर को होने वाली 55वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी सरलीकरण के संबंध में विभागीय मंत्री को सुझाव संबंधी ज्ञापन सौंपा। चैबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि 55वें जीएसटी काउंसिलिंग की बैठक में सुझाव देने के लिए गत दिनों राजधानी के बाम्बे मार्केट स्थित चैंबर सभा भवन में विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनों एवं पदाधिकारियों की बैठक हुई थी। बैठक में प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही परेशानियों के संबंध प्रतिभागियों ने सुझाव दिए। इन्हीं सुझावों को सूचीबद्ध कर ज्ञापन सौंपा गया है। बिंदुवार दिए गये सुझाव में इनपुट टैक्स क्रेडिट जीएसटीआर 2बी केआधार मान्य होने संबंधी प्रावधान को वापस लेने, धारा 126 का विस्तार कर धारा 73 को शामिल करने संबंधी सुझाव शामिल है। साथ ही भरोसेमंद करदाताओं की पहचान करने के लिए जीएसटी अनुपालन रेटिंग का उपयोग करने संबंधी सुझाव दिया गया है।

चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से व्यापार एवं उद्योग के हित में व्यापारियों द्वारा दिये सुझावों को ध्यान में रखते हुए जीएसटी काउंसिल की बैठक में शामिल करने आग्रह किया है।

चैंबर प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष-नरेन्द्र हरचंदानी, मंत्री-शंकर बजाज, राजेन्द्र खटवानी एवं टेक्नीकल टीम के सदस्य-.मुकेश मोटवानी, किशोर बरड़िया सहित अन्य पदाधिकारी प्रमुख रूप से शामिल थे।

## पेज 13 के शेष

### प्लेटफार्म नंबर 7, समस्याएं...

दो साल पहले प्लेटफार्म 7 का निर्माण कार्य पूरा कर दिया है। लगभग डेढ़ साल से यहां ट्रेन का परिचालन भी शुरू हो चुका है। रोजाना हजार यात्री ट्रेनों से आवाजाही करते हैं, लेकिन वर्तमान में सफाई से लेकर पानी तक प्लेटफार्म में अव्यवस्था बनी हुई है। हरिभूमि ने गुरुवार को प्लेटफार्म 7 का जायजा लिया। दोपहर 1 बजे यात्री हाथों में बोतल लिए पानी के लिए प्लेटफार्म पर भटकते मिले। यहां ज्यादातर नल बंद पड़े हैं। पीने के पानी का संकट लंबे समय से बना हुआ है। बता दें कि गेट से बिलासपुर रूट की ओर लगातार 12 नलों से पानी नहीं निकल रहा है। ज्यादातर यात्री इस तरफ ही बैठे होते हैं। भिलाई रूट की ओर 12 नलों में 6 में पानी की सुविधा है, लेकिन यहां यात्री की संख्या 10 प्रतिशत से भी कम होती है।

### सुलझेगा 'दिल' का...

अर्थात मरीजों को बेहोश करने वाले विशेषज्ञों की कमी के कारण कई बार दिल का ऑपरेशन टाला गया है। हालात ये हैं कि वर्तमान में 20 दिन में एक ही मरीज का ऑपरेशन किया जा सक रहा है। दर्जनभर मरीज ऑपरेशन के इंतजार में हैं। इसके अलावा अन्य विभागों में भी नियुक्तियां लंबे समय से नहीं की गई हैं। इन पदों के लिए भी विभाग द्वारा नियुक्तियां निकाली गई हैं। हरिभूमि ने इन मामलों को गंभीरता के साथ उठाया था। मरीजों की समस्या को देखते हुए अब बड़े पैमाने पर प्रबंधन स्तर पर भर्ती की जा रही है।

### शराब घोटाला, महादेव सट्टा...

गया। मामले की सुनवाई करने के बाद कोर्ट ने गिरीश तलरेजा, नितिन टिबरेवाल, सतीश चंद्राकर, चंद्रभूषण वर्मा, भीम सिंह यादव, सूरज चौखानी, नीतीश दीवान, असीम दास, अमित अग्रवाल, सुनील दमानी को कोर्ट ने 1 फरवरी 2025 तक के लिए जेल भेजने का आदेश दिया। इन सभी के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया गया है।

### जिंदा को मृत बताकर...

डीबीटी में लोचा, इसलिए राशि भी नहीं पहुंच रही खातों में _ महतारी वंदन योजना का लाभ उन्हीं महिलाओं को मिल रहा है, जिनके बैंक एकाउंट आधार से लिंक हुए हैं। इसे डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर (डीबीटी) करना भी कहा जाता है। इसे कराने पर ही महतारी वंदन योजना के हितग्राही के खाते में राशि ऑनलाइन ट्रांसफर होती है। पात्र हितग्राहियों ने अपनी सुविधा के अनुसार अलग-अलग बैंकों में खाता खुलाकर उसे डीबीटी भी कराया हुआ है, लेकिन इसके बाद भी कई हितग्राहियों के खातों में राशि पहुंच नहीं रही है। इससे पता चला है कि बैंकों में जो डीबीटी किया जा रहा है, वह सही तरीके से नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण हितग्राही के खाते में राशि भी पहुंच नहीं रही है। जिंदा हितग्राही को बताया जा रहा मृत _ इस योजना के तहत रायपुर जिले में पात्र महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए की राशि उनके खातों में सीधे ट्रांसफर की जा रही है। यह राशि उनके जीवित रहते ही मिलना है। अगर किसी महिला की मृत्यु हो जाती है, तो इसकी सूचना मिलने पर विभाग तत्काल स्वीकृत राशि की लिस्ट से संबंधित हितग्राही का नाम भी हटा दिया जाता है, ताकि राशि मृतक हितग्राही के खाते में ट्रांसफर नहीं हो पाए, लेकिन जिले में इसके विपरीत मामले सामने आने लगे हैं। जिंदा हितग्राही को मृत घोषित किया जा रहा है, जिसके कारण हितग्राही के खाते में योजना की राशि भी पहुंच नहीं रही है। ऐसे कुछ मामले रायपुर जिले में सामने आए हैं, जिनकी शिकायत जिला महिला विभाग और हितग्राही खाता से संबंधित जिला सहकारी बैंक में भी की गई है, लेकिन दोनों इस मामले में अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

### छग कॉलेज में...

टीम संग संवाद कर सके। गुरुवार को निरीक्षण समाप्त होने के बाद नैक टीम की एग्जिट मीटिंग भी हुई। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य और प्राध्यापक शामिल हुए। टीम द्वारा अपनी रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद इस माह के अंत तक नई ग्रेडिंग महाविद्यालय को प्राप्त होने की संभावना है। फिलहाल महाविद्यालय को बी ग्रेड प्राप्त है। गौरतलब है कि नैक टीम नवंबर माह में दौरे के लिए आने वाली थी, लेकिन विधानसभा उप-चुनाव के कारण दिसंबर के लिए नवीन तिथियां दी गईं।

# मेयर और पालिका अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण का नया नियम लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव में निगमों में मेयर और पालिकाओं में अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। नया नियम लागू करने के लिए राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम अधिनियम में बदलाव किया है।

### ये है नया नियम

छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम में किए गए बदलाव में साफ किया गया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के बारे में कहा गया है कि ऐसी जनसंख्या जिसे अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा तय किया गया है, नगर पालिका की दशा में जहां अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए पचास प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए गए हों, वहां यथासंभव निकटतम रूप से कुल स्थानों की संख्या के पचास प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते हुए शेष स्थान अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे। लेकिन अनुसूचित जातियों, जनजातियों के लिए कुल आरक्षण पचास प्रतिशत या इससे कम है को अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं किया जाएगा।

### लॉट से होगा आरक्षण

नगर पालिका अधिनियम के संशोधन में कहा गया है कि यहां भी पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा बताई गई पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के आधार पर आरक्षण होगा। नगर पालिका में जहां अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए पचास प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए गए हों, वहां यथा संभव निकटतम रूप से कुल स्थानों की संख्या के पचास प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते हुए शेष स्थान अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे तथा ऐसे स्थान लॉट द्वारा आवंटित किए जाएंगे। किसी भी स्थिति में पचास प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं दिया जाएगा।

# पॉवर कंपनियों को नया रायपुर शिफ्ट करने के विरोध में कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनियों को एक बार फिर से नवा रायपुर शिफ्ट करने की प्रक्रिया प्रारंभ होने पर छत्तीसगढ़ रिटायर्ड पॉवर इंजीनियर्स-आफिसर्स एसोसिएशन ने इसका विरोध प्रारंभ कर दिया है। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव देव साय को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। अपने पत्र में एसोसिएशन ने बताया है कि डगनिया के मुख्यालय में अब भी बहुत स्थान है, अगर और दफ्तरों की जरूरत है तो यहां पर महज पांच करोड़ खर्च करके काम चल सकता है, इसके बदले नवा रायपुर में दो सौ करोड़ खर्च करके नया भवन बनाने की जरूरत नहीं है। पॉवर कंपनी की पहले से नवा रायपुर के सेक्टर 24 में छह हजार वर्ग मीटर जमीन है। वहां पर पॉवर कंपनी ने एनआरडीए से चार हजार वर्ग मीटर जमीन करीब दो साल पहले और ली है। कुल मिलाकर दस हजार वर्ग मीटर में भवन बनाकर कंपनियों को नवा रायपुर ले जाया जाएगा।



### फिजूलखर्ची से बढ़ेगा उपभोक्ता पर भार

छत्तीसगढ़ रिटायर्ड पावर इंजीनियर्स-आफिसर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस मामले की पूरी जानकारी देते हुए बताया है कि पॉवर कंपनी ने नवा रायपुर कंपनियों को शिफ्ट करने पर करीब दो सौ करोड़ का खर्च अनुमानित बताया जा रहा है, जबकि वास्तव में खर्च इससे डबल से भी ज्यादा होगा। पत्र में लिखा गया है, डगनिया के मुख्यालय में बहुत स्थान है। यहां पर हाल ही में तीन नए दफ्तरों का निर्माण हुआ है। अगर और दफ्तरों की भी जरूरत होगी तो और नए दफ्तर बन जाएंगे। इसके लिए यहां पर महज पांच करोड़ ही खर्च होंगे। यही काम नवा रायपुर में करने के लिए दो सौ करोड़ खर्च करने से इसका भार उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। इसी के साथ अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बाहर से अपने काम के लिए आने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि सबको नवा रायपुर जाना पड़ेगा। पत्र में शासन की छवि भी खराब होने का हवाला दिया गया है। इस मामले में मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करके पूरी प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है।

आवश्यकता हैं
हरिभूमि
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिये
आवेदन आमंत्रित है
स्वयं का वाहन आवश्यक
रिपोर्टर, प्रसार प्रतिनिधि - 2
योग्यता - 12वीं से स्नातक, अनुभवी को प्राथमिकता
संपूर्ण बायोडाटा
Resume Email या Whatsapp करें
Cir.haribhoomi@gmail.com
8370049468, 8224035555
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
जिला ब्यूरो कार्यालय
भाटापारा रोड, बस स्टैण्ड बलौदाबाजार (छ.ग.)

## बिजनेस साइट

### छत्तीसगढ़ सिविल जज परीक्षा में 49 पदों में से चाणक्या लॉ एकेडमी के 35 छात्रों का चयन



**रायपुर।** चाणक्या लॉ एकेडमी ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। 2023 की सिविल जज परीक्षा में इस एकेडमी से 49 पदों पर 35 छात्रों का चयन हुआ है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार छात्रों की सफलता का प्रतिशत और भी बेहतर रहा है। संस्थान के मेंटर नितिन कुमार नामदेव ने बताया कि इस वर्ष श्वेता दीवान ने इस परीक्षा में पहला स्थान हासिल किया। श्वेता दीवान यह उपलब्धि प्राप्त करने वाली चाणक्या लॉ एकेडमी की छठवीं छात्रा हैं। संस्थान से चयनित विद्यार्थियों में श्वेता दीवान के अलावा महिमा शर्मा (द्वितीय स्थान), निखिल साहू (तृतीय स्थान), आयुशी शुक्ला (पांचवां स्थान), आरती ध्रुव (आठवां स्थान) और शारदा शर्मा (ग्यारहवां स्थान) सहित कई अन्य छात्र शामिल हैं। इस बार के परिणामों में कुल 49 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है, जिनमें से कई छात्रों ने टॉप 50 में स्थान प्राप्त किया है।

### सुराना भवन में विंटर गारमेंट सेल में उमड़ी भीड़



**रायपुर।** सुराना भवन छोटापारा स्थित रेडीमेड विंटर गारमेंट सेल में भारी भीड़ देखी जा रही है। यहां 90% तक डिस्काउंट पर विभिन्न विंटर वेयर के साथ-साथ लेडीज, जेन्ट्स और किड्स के कपड़े भी उपलब्ध हैं। संचालक के मुताबिक, जैकेट, स्वेटर, कार्डिगन जैसे विंटर गारमेंट्स 200 से 650 रुपए तक में बिक रहे हैं। वहीं ब्रांडेड जीन्स, टी-शर्ट, शर्ट-पैंट 200 से 550 रुपए तक की कीमत पर मिल रहे हैं। इसके अलावा बच्चों के कपड़े 100 से 550 रुपए तक, स्वेटर, जैकेट 250 रुपए में और वूलेन शॉक्स 50 रुपए में 3 पीस मिल रहे हैं। सेल सीमित दिनों के लिए है और इसकी भारी लोकप्रियता को देखते हुए ग्राहकों का आना जारी है। यहां बच्चों के कपड़ों का अनलिमिटेड स्टॉक भी उपलब्ध है, जो ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है।

One Way Taxi
अब आपके पास के
भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर
में उपलब्ध हो गयी है।

CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511